राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 01 सितम्बर 2019

बिहार के महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की।

महामहिम राज्यपाल श्री चौहान ने माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ को पुष्प–गुच्छ एवं अंगवस्त्रम् भेंट करते हुए उनका हार्दिक अभिनन्दन किया। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य का तेजी से सर्वांगीण विकास होगा और राज्य की जनता खुशहाल रहेगी। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने भी बिहार के राज्यपाल श्री चौहान को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बिहार राज्य राज्यपाल श्री चौहान के मार्ग–दर्शन में सतत् प्रगति–पथ पर अग्रसर रहेगा।

राज्यपाल श्री चौहान उत्तर प्रदेश का अपना तीन दिवसीय दौरा पूरा कर आज शाम बिहार लौट आए हैं।

....